आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-265 ● कटनी ● शनिवार, 30 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक कृष्ण पक्ष -10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

**सुविचार**

देखा हुआ सपना
सपना ही रह जाता है,
जब तक व्यक्ति
अपना पसीना नहीं बहाता
है

हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर



# उपचुनाव में उत्साहजनक वोटिंग

**भोपाल।** खंडवा संसदीय क्षेत्र सहित पृथ्वीपुर, जोबट और रैगांव विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए शनिवार (30 अक्टूबर) को सुबह सात से मतदान आरंभ हो गया है। सभी सीटों पर अब तक 30 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका है। मतदान शाम छह बजे तक होगा। चारों सीटों पर कुल 26 लाख 50 हजार मतदाता 48 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मतदान आरंभ होने से पहले माकपोल किया गया। 865 मतदान केंद्रों को संवदेनशील केंद्रों की सूची में रखा गया है। वहीं, एक हजार 235 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। खंडवा और रैगांव निर्वाचन क्षेत्रों में 16-16 उम्मीदवार होने के कारण दो-दो बैलेट यूनिट का उपयोग किया जाएगा। पृथ्वीपुर में 10 और जोबट में 6 प्रत्याशी मैदान में हैं ।जोबट। विधानसभा उप चुनाव में बुजुर्ग भी जोश के साथ मतदान करने पहुंच रहे हैं। चंद्रशेखर आजादनगर में 102 साल की मड़ीबाई वोट करने पहुंचीं। स्वजन उन्हें व्हील चेयर पर मतदान के लिए लाए। उधर, ग्राम आमखुट में 89 वर्षीय मोहनसिंह भंगड़ा लकड़ी के सहारे मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मताधिकार का उपयोग किया ।लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न् कराने के लिए केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की 50 कपंनियां तैनात की गई हैं। राज्य सशस्त्र बल की आठ कंपनी भी लगाई गई है। 914 पुलिस अधिकारियों के साथ छह हजार 962 पुलिसकर्मी, तीन हजार 123 होमगार्ड और तीन हजार 945 विशेष पुलिस अधिकारी तैनात किए गए हैं। 55 उड़नदस्ते भी तैनात किए गए हैं, जो निर्वाचन क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखेंगे।

### कहां-कितने मतदाता

| | |
|---|---|
| खंडवा | - 19,68,805 |
| रैगांव | - 2,07,443 |
| जोबट | - 2,75,214 |
| पृथ्वीपुर | - 1,98,542 |

### भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी

**खंडवा लोकसभा क्षेत्र**
ज्ञानेश्वर पाटील (भाजपा)
राजनारायण सिंह पूरनी (कांग्रेस)
**जोबट विसभा क्षेत्र (अजजा)**
सुलोचना रावत (भाजपा)
महेश पटेल (कांग्रेस)
**रैगांव विधानसभा क्षेत्र (अजा)**
प्रतिमा बागरी (भाजपा)
कल्पना वर्मा (कांग्रेस)
**पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र**
शिशुपाल सिंह यादव (भाजपा)
नीतेंद्र सिंह राठौर (कांग्रेस)

## फटाफट खबरें



### मशहूर अभिनेता यूसुफ हुसैन का निधन

**मुंबई।** मनोरंजन जगत के मशहूर कलाकार यूसुफ हुसैन का शनिवार यानि आज सुबह निधन हो गया। मशहूर निर्देशक हंसल मेहता ने इस दुखद घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर दी। हंसल मेहता ने युसूफ हुसैन को बेहद भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा, मैंने शाहिद के 2 शेड्यूल पूरे किए थे और हम फंस गए थे। एक फिल्म निर्माता के रूप में एक गैर मौजूद करियर लगभग पूरी तरह से खत्म हो गया था। ऐसे में युसूफ साहब मेरे पाए आए। उन्होंने अपने जमा किए पैसे मुझे दे दिए। वह मेरे ससुर नहीं बल्कि पिता थे।

### जेएनयू ने रद्द किया कश्मीर पर वेबिनार

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को कश्मीर पर होने वाले वेबिनार को रद्द कर दिया। इसी वेबिनार के खिलाफ दिल्ली के एक वकील ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय इस वेबिनार को रद्द करते हुए कहा कि वेबिनार का विषय आपत्तिजनक और भड़काऊ था। आयोजकों ने वेबिनार के लिए अनुमति भी नहीं ली थी। यह जानकारी कुलपति एम जगदीश कुमार ने दी। इस आयोजन का विरोध करते हुए दिल्ली के एक वकील ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर विमेन स्टडीज और वेबिनार के आयोजकों के खिलाफ कथित तौर पर 'जेंडर्ड रेजिस्टेंस एंड फ्रेश चैलेंजेज इन पोस्ट-2019 कश्मीर' नाम इस्तेमाल करने के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

### दान की गईं दिवंगत अभिनेता की आंखें



**वेब डेस्क ।** कन्नड़ सिनेमा के मशहूर अभिनेता पुनीत राजकुमार 29 अक्तूबर को अचानक से इस दुनिया को अलविदा कह गए। उनके निधन की खबर ने हर किसी को गहरा झटका दिया है। पुनीत महज 46 साल के थे और दिल का दौरा पड़ने का कारण उनका निधन हो गया। फिटनेस फ्रीक कहे जाने वाले पुनीत को जिम में दो घंटे की एक्सरसाइज करने के बाद सीने में दर्द की शिकायत हुई थी। पुनीत की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया था जहां डॉक्टर लगातार उन्हें बचाने की कोशिश करते रहे लेकिन ऐसा हो नहीं पाया।



## ईसाई धर्म के सर्वोच्च नेता पोप फ्रांसिस से मिलने पहुंचे पीएम मोदी

**वेटिकन सिटी।** 16वीं जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने इटली के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वेटिकन सिटी में ईसाई धर्म के सर्वोच्च नेता पोप फ्रांसिस से मुलाकात कर रहे हैं। यह मुलाकात 30 मिनट की होने वाली है। उम्मीद की जा रही है कि इस दौरान कोविड-19 जैसे मामलों के संबंध में वैश्विक परिदृश्य पर चर्चा हो सकती है। इससे पहले प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी पहले पोप फ्रांसिस से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे और उसके कुछ देर बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। श्रृंगला ने आगे बताया कि वेटिकन ने इस वार्ता के लिए कोई एजेंडा तय नहीं किया है। मेरा मानना है कि पंरपरा है कि जब पोप फ्रांसिस से चर्चा होती है तो कोई एजेंडा नहीं होता और हम इसका सम्मान करते हैं। मैं आश्वस्त हूं कि इस दौरान आम तौर पर वैश्विक परिदृश्य और उन मुद्दों को लेकर जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

# रिहा हुआ आर्यन, बेटे को लेकर मन्नत पहुंचे शाहरुख खान

## 27 दिन बाद रिहाई, कार और बॉडीगार्ड के साथ आर्थर रोड़ जेल पहुंचे



**मुंबई।** मुंबई ड्रग्स केस में आर्यन खान की जेल से रिहाई हो गई है। खुद शाहरुख खान अपनी कार और बॉडीगार्ड के साथ आर्थर रोड़ जेल पहुचे और 11.01 बजे बेटे को लेकर घर के लिए रवाना हुए। इससे पहले आर्थर रोड़ जेल की जमानत पेटी सुबह 5.30 बजे खोली गई। इसके बाद से कागजी प्रक्रिया शुरू हुई जो कुछ घंटे चली। शाहरुख खान सुबह ही बेटे को लेने के लिए रवाना हो गए थे और जब तक रिहाई की कार्रवाई हुई, तब तक वे आर्थर रोड़ जेल के पास एक पांच सितारा होटल में रुके रहे। रिहा होने के बाद शाहरुख खान और आर्यन खान एक ही कार में मन्नत पहुंचे। आर्यन को 27 दिन पहले मुंबई ड्रग्स केस में गिरफ्तार किया गया था। वह 23 दिन से आर्थर रोड़ जेल में था। एनसीबी ने मुंबई से गोवा जा रहे क्रूज से 8 लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनमें आर्यन खान भी शामिल था।

### शाहरुख की पूरी टीम पहुंची आर्थर रोड जेल

पहले कहा गया था कि आर्यन खान 9 से 10 बजे के बीच रिहा हो जाएंगे, लेकिन प्रोसेस में समय लगा। प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही शाहरुख खान के बॉडीगार्ड अपनी गाड़ी कर जेल के बाहर पहुंच गए थे। आर्थर रोड जेल के अधिकारियों ने शनिवार सुबह लगभग 5.30 बजे जमानत पेटी खोली। जेल अधिकारी के अनुसार, आर्यन खान को सुबह 9 बजे रिहा करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे और प्रक्रिया को पूरा करने में 15 मिनट से 1 घंटे तक का समय लगता है।

### बयान से पलटी भाजपा सरकार

## रोहिंग्याओं को भेजा जाएगा वापस- कर्नाटक सरकार



**कर्नाटक में 126 रोहिंग्याओं की पहचान की गई है। पुलिस का कहना है कि राज्य सरकार के किसी भी शिविर में ये रोहिंग्या नहीं रह रहे हैं।**

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या मामले में भाजपा नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार अपने पुराने बयान से पलट गई है। सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एक संसोधित हलफनामा दाखिल किया गया है। इससे पहले सरकार की ओर से कहा गया था कि बेंगलूरू में रहने वाले रोहिंग्याओं को निर्वासित करने की उनकी कोई योजना नहीं है। गृह विभाग की ओर से ताजा हलफनामें में कहा गया है कि उन्होंने कर्नाटक में 126 रोहिंग्याओं की पहचान की है। इन रोहिंग्याओं को कर्नाटक पुलिस ने अपने किसी भी शिविर में नहीं रखा है। इस मामले में 2017 में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इसके तहत मांग की गई थी कि अवैध रूप से भारत में रह रहे सभी रोहिंग्याओं को एक साल के भीतर भारत से वापस भेजा जाना चाहिए। याचिका में कहा गया था कि देश में रोहिंग्याओं का होना सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

## बसपा को बड़ा झटका, 6 विधायक सपा में शामिल, एक भाजपाई भी



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव से पहले बसपा को बड़ा झटका लगा है। बसपा के छह विधायक शनिवार को सपा में शामिल हो गए। इन्हें अखिलेश यादव ने पार्टी की सदस्यता दिलाई है। ये विधायक लंबे समय से अखिलेश के संपर्क में थे। वहीं, एक भाजपा विधायक ने भी सपा की सदस्यता ले ली। यूपी चुनाव से पहले यह बसपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। उधर, सपा भाजपा की मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभर रही है और लगातार मजबूत होती नजर आ रही है। बसपा व भाजपा से आए विधायकों का अखिलेश यादव ने सपा कार्यालय में स्वागत किया और उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि बहुत लोग हैं जो सपा में शामिल होना चाहते हैं। चुनाव आने तक भाजपा भागता परिवार ही रह जाएगी।

# कंगाली की कगार पर मनरेगा

## लाल सूची में पहुंचे 21 राज्य, मजदूरों की दिवाली रहेगी फीकी



**नई दिल्ली।** देश के गांवों में रोजगार के लिए लाइफ लाइन कहीं जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में कार्यरत श्रमिको की दिवाली इस बार फीकी रह सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक देश की मनरेगा योजना के खजाने में अब रुपये नहीं बचे हैं जिससे 21 राज्यों में काम कर रहे मजदूरों के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक केंद्र की यह योजना वित्तीय वर्ष के आधे रास्ते में ही समाप्त हो गई है, जिससे कि अब मजदूरों को कम से कम एक महीने तक संकट का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि अनुपूरक बजटीय आवंटन अगले संसदीय सत्र मे किया जाएगा। इस बीच आर्थिक संकट के समय मजदूरी भुगतान में देरी करके श्रमिकों द्वारा जबरन श्रम कराए जाने की कोशिशों की हर तरफ निंदा हो रही है। केंद्र अब कई राज्यों पर जमीन पर काम के लिए जबरदस्ती मांग पैदा करने का आरोप लगा रहा है। हालांकि, योजना का 2021-22 का बजट सिर्फ 73,000 करोड़ रुपये पर निर्धारित किया गया था, केंद्र ने तर्क दिया कि देशव्यापी लॉकडाउन समाप्त हो गया था और अगर पैसा खत्म हो गया तो अनुपूरक बजटीय आवंटन उपलब्ध होगा। 29 अक्टूबर तक, देय भुगतान सहित कुल व्यय पहले ही 79,810 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था, जिससे योजना संकट में आ गई। पहले से ही, 21 राज्यों ने नकारात्मक शुद्ध संतुलन दिखाया है, जिसमें आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सबसे खराब स्थिति में हैं। पिछले साल के लॉकडाउन के दौरान, इस योजना को 1.11 लाख करोड़ रुपये का उच्चतम बजट दिया गया और रिकॉर्ड 11 करोड़ श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण जीवन रेखा प्रदान की गई। दिवाली के चार दिन बचे हैं और 64 हजारों श्रमिकों के भुगतान का 106 करोड़ रुपये बाकी है।

## खंडवा लोकसभा उपचुनाव ड्यूटी में लगे शिक्षक की मौत



**खरगोन।** खंडवा लोकसभा उपचुनाव ड्यूटी में लगे शिक्षक दयाराम जाधव की मौत हो गई। वे भगवानपुरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सरवर देवला के बालक छात्रावास आश्रम में पदस्थ थे। जानकारी अनुसार जाधव सरवर देवला में 2015 में पदस्थ हुए थे। साथी शिक्षक जसवंत सिंह चौहान ने बताया कि 29 अक्टूबर को चुनाव सामग्री के लिए खरगोन के लिए रवाना हुए थे। शुक्रवार की शाम को ही खरगोन से बड़वाह विधानसभा में चुनाव के लिए पहुंच गए थे।

# खूंखार डाकू गौरी यादव का अंत



**चित्रकूट।** चित्रकूट में बीहड़ के खूंखार डकैत साढ़े पांच लाख के इनामी दस्यु गौरी यादव को एसटीएफ ने आज तड़के 3.30 बजे बहिलपुरवा के जंगल में मुठभेड़ में मार गिराया। इसी के साथ चित्रकूट में खौफ के आखिरी अध्याय का अंत हो गया। एसपी एसटीएफ हेमराज मीणा ने टेलीफोन से गौरी यादव के मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि की है। गौरी के पास से एसटीएफ को एके 47 और भारी मात्रा में असलहा बरामद हुआ है। बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के माधव बांध के पास डकैतों और एसटीएफ टीम के बीच मुठभेड़ हुई। बता दें कि 31 मार्च को इसी बांध के पास डाकू गौरी गैंग के 25000 के इनामी भालचंद को भी एसटीएफ और पुलिस ने मुठभेड़ कर मार गिराया था। ददुआ और ठोकिया के डकैत गौरी यादव बीहड़ में बड़ा नाम बन चुका था। गौरी यादव काफी लंबे समय से अंडरग्राउंड चल रहा था। चार महीने पहले अचानक ही इसने चित्रकूट के जंगलों में फायरिंग कर दहशत फैला दी थी। करीब 20 साल पहले डकैती की दुनिया में एंट्री करने वाले गौरी यादव ने 2005 में अपना अलग गैंग बनाया था। 2008 में ददुआ और कुछ दिन बाद ठोकिया के मारे जाने के बाद 2009 में गौरी यादव भी गिरफ्तार हो गया था। बाद में वह जमानत पर बाहर आ गया था। चित्रकूट जिले के फरार डकैत गौरी यादव के सिर पर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश शासन ने इस साल जुलाई में संयुक्त रूप से साढ़े पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। गौरी यादव पर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में हत्या, अपहरण, फिरौती के लगभग 50 मामले दर्ज थे।

## डेल्टा वेरिएंट के नए रूप की वापसी, कई देशों में फिर लॉकडाउन

**नई दिल्ली ।** दुनिया के कई देशों में एक तरह जहां कोरोना वैक्सीन लगाने का काम तेजी से हो रहा है, वहीं कुछ देशों में कोरोना संक्रमण के मामले में फिर से तेजी आने के बाद में एक बार फिर लॉकडाउन जैसे हालात पैदा हो गए हैं। ब्रिटेन में एक दिन में 43467 से ज्यादा नए केस मिल रहे हैं, वहीं बीते 24 घंटे में 186 लोगों की मौत हुई है। कुछ ऐसी ही स्थिति रूस में भी निर्मित हो रही है। रूस में संक्रमण बढ़ने के बाद रोज ही 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हो रही है। इसके अलावा चीन के कुछ शहरों में बीते कुछ दिनों से फिर सख्त लॉकडाउन लगा दिया है।

# उइगर मुसलमानों के लिवर और किडनी बेच अरबों कमा रहा चीन,रिपोर्ट में दावा



**बीजिंग।** चीन में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन ने इन उइगर मुसलमानों के अंगों की कालाबाजारी कर अरबों रुपए की कमाई की है। समाचार पत्र हेराल्ड सन की एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब डेढ़ लाख लोगों को यहां जबरन कैद कर रखा गया है। कैद के दौरान जबरदस्ती इन मुसलमानों के महत्वपूर्ण शारीरीक अंग जैसे, किडनी और लिवर जबरन निकाले जा रहे हैं और उनकी कालाबाजारी जा रही है।ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में स्थित एक मॉर्निंग टैब्लॉइड अखबार की रिपोर्ट में इस बारे में कई खुलासे किए गए हैं कि कैसे एक स्वस्थ लिवर को बेचकर चीन लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपये प्राप्त करता है और इस व्यापार में उसे सलाना 75 अरब रुपये के आसपास की कमाई होती है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब चीन के डिटेंशन सेंटरों में मानव अंगो की कालाबाजारी की गई हो। इससे पहले भी कई बार चीन पर इस तरह के आरोप लग चुके हैं। इस साल की शुरुआत में, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग (यूएनएचआरसी) ने कहा कि उइगर, तिब्बतियों, मुसलमानों और ईसाइयों सहित अल्पसंख्यकों के आंगों की तस्करी से मानवाधिकार विशेषज्ञ बेहद चिंतित हैं।




# नंबर के आगे जीरो जोड़ किराया कर दिया दोगुना

### रेल का खेल



**वेब डेस्क।** रेलवे ट्रेनों के नाम बदलकर और नंबर के आगे जीरो जोड़कर यात्रियों से दोगुना किराया वसूल कर रहा है। त्योहार स्पेशल ट्रेन के नाम से चलाई जा रहीं ट्रेनों की हर श्रेणी का किराया बढ़ाया गया है, जबकि स्पेशल ट्रेनों में मेल एक्सप्रेस का किराया पहले से लागू है। अक्तूबर से ही त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। आगरा कैंट स्टेशन से प्रतिदिन 100 ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से 40 ट्रेनें त्योहार स्पेशल के नाम से संचालित की जा रही हैं। आगरा कैंट स्टेशन पर अप व डाउन 100 ट्रेनों का आवागमन हो रहा है। ट्रेनों में लंबी वेटिंग है। मार्च 2022 से यात्रियों को ट्रेनों के साधारण कोचों में भी मेल एक्सप्रेस का किराया देना पड़ रहा है। अब त्योहार पर घर जाने के लिए भी जेब पर बोझ पड़ना तय है। इन स्पेशल ट्रेनों के आगे त्योहार स्पेशल जोड़कर किराया और बढ़ा दिया गया है।

### 15 रुपये रिजर्वेशन चार्ज

रेलवे ने अनारक्षित टिकट काउंटर बंद कर रखे हैं। जनरल टिकट का रिजर्वेशन कराने के लिए यात्रियों को 15 रुपये अतिरिक्त चुकाने पड़ रहे हैं। ऐसे में त्योहार स्पेशल ट्रेनों में सेकंड सीटिंग में 10 से 15 रुपये तक, स्लीपर में 155 से 165 रुपये तक अतिरिक्त देने पड़ रहे हैं। आगरा मंडल के रेल अधिकारियों का कहना है कि किराये का निर्धारण करना रेलवे बोर्ड का कार्य है। त्योहार स्पेशल से पहले कोविड काल में क्लोन ट्रेनों का किराया भी सामान्य ट्रेनों से दोगुना था। तब भी यात्रियों ने सफर किया था।

## अभिनेत्री ईशा गुप्ता का आरोप-साथ में सोने से मना किया तो फिल्म से बाहर किया



**मुंबई।** अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि फिल्म इंडस्ट्री का एक मशहूर निर्माता मुझे फिल्म से सिर्फ इसलिए हटाना चाहता था क्योंकि मैंने उसके साथ सोने से इनकार कर दिया था। ईशा ने बताया कि स्ट्रगल के दिनों में मैं मेकअप आर्टिस्ट के साथ अपना रूम शेयर करती थी। मैंने इसका बहाना बनाया कि मैं नई हूं और डरी हुई हूं। लेकिन ऐसा नहीं है कि मैं किसी भूत से डर रही थी, दरअसल मुझे एक इनसान से डर लग रहा था। ईशा ने बताया कि मैंने एक इंसान का गंदा रूप देखा था, जिससे मैं बहुत डरी हुई थी।

## मिलावटखोरों की मौज...

# बिकने, खाने-पचाने के महीनों बाद आती है मिलावट की रिपोर्ट

### त्योहारों पर सक्रिय होता है खाद्य सुरक्षा अमला,मिलावट की पुष्टि होने तक बिक जाती है अमानक खाद्य सामग्री!



**कटनी।** सरकारी व्यवस्था में उलझी खाद्य सामग्रियों की जांच प्रक्रिया से मिलावटखोरों की मौज है। वे बेखौफ मिलावटी-दूषित खाद्य सामग्री बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। शहर में कभी-कभार होने वाली खाद्य सुरक्षा एवं प्रशासन विभाग की जांच में हर बार मिलावट को लेकर नए खुलासे होते हैं। निरीक्षण के दौरान जप्त की गई संदिग्ध खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता रिपोर्ट मिलने में इतनी देर हो चुकी होती है कि सारी अमानक सामग्री बिक चुकी होती है। ऐसे में आम लोगों की सेहत के लिहाज से कार्रवाई रस्म अदायगी बनकर रह जाती है। मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई में भी विलम्ब होता है।

### जांच के लिए अब भी भोपाल पर आश्रित

निरीक्षण के दौरान जप्त की गई खाघ सामग्रियों की जांच अभी भी भोपाल में ही होती है, शहर में जांच की इसकी कोई व्यवस्था नहीं है। उधर संभागीय मुख्यालय जबलपुर में डुमना मार्ग पर संभागीय खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला निर्माणाधीन है। लिहाजा खाद्य सुरक्षा प्रशासन की छापेमारी में जप्त किए गए नमूने जांच के लिए अभी भोपाल स्थित राज्य स्तरीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में भेजे जाते हैं। भोपाल में प्रदेशभर के नमूने आने से प्रयोगशाला में परीक्षण का भार ज्यादा है। इस कारण एक सप्ताह में मिलने वाली रिपोर्ट दो-तीन महीने बाद तक मिल रही है।

### मिल चुकी है कई अमानक सामग्री

शहर में मिलावटी एवं अमानक खाद्य सामग्रियों की जांच के दौरान संदिग्ध मिले ब्रांडेड कम्पनियों के खाद्य पदार्थों के नूमने तक जांच में फेल मिले हैं। पैक्ड घी, आटा, मैदा तक मिस ब्रांडेड पाए गए हैं। मिलावटी दूध, नकली पनीर और घी फैक्ट्री भी पकड़ी जा चुकी है। दूध, नमकीन, कलाकंद, लड्डू, काजू, खोवा और छेना की मिठाई में भी मिलावट उजागर होती रही है। दुकानों से एक्सपायरी डेट की पैक्ड सामग्री भी भारी मात्रा में पकड़ी जाती है।

### स्वास्थ्य के लिए खतरा

चिकित्सकों के अनुसार मिलावटी और अमानक खाद्य पदार्थों के सेवन से सेहत को नुकसान होता है। दूषित और बासी खाद्य सामग्री खाने से पेट में विकार हो सकता है।

## गोलू रेस्टारेंट व मामा स्वीट में जांच करने पहुंची टीम

त्योहारों के सीजन में मिलावटी खाद्य सामग्री बेचे जाने का गोरखधंधा शुरू हो जाता है। ऐसे लोगों पर नकेल कसने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं। इस पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने जांच कार्रवाई शुरू की है। शुक्रवार को दो प्रतिष्ठानों में जांच की गई है। नमूने जांच के लिए राज्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। यह कार्रवाई खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ प्रदेश सरकार द्वारा मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत की जा रही है। खाद्य विभाग के साथ राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम प्रतिष्ठानों की जांच की है। खाद्य विभाग की टीम ने मिशन चौक में मामा स्वीट्स की जांच की और बादाम बर्फी, छेना के सेंपल लिए। वहीं माधवनगर गेट के सामने गोलू रेस्टॉरेन्ट की जांच के दौरान मिल्क केक व मगज लड्डू के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए। जांच रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सराहना: मंडल दक्षता शील्ड से सम्मानित हुआ कटनी जंक्शन

### स्वच्छता व रखरखाव के बाद पार्सल यातायात में भी कटनी ने मारी बाजी



**कटनी।** दृढ़ इच्छाशक्ति और लगन से किया जाने वाला हर काम न सिर्फ बेहतर होता बल्कि अलग छाप छोड़ता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है कटनी जंक्शन के अधिकारी-कर्मचारियों ने, जिन्होंने बेहतर कार्य से रेलवे को बड़ा फायदा कराया है बल्कि सर्वोत्तम कार्य से मंडल से विशेष सम्मान प्राप्त किया है। जानकारी के अनुसार पूरे जबलपुर रेल मंडल में सर्वोत्तम कार्य, पार्सल लदान, उतरान, पार्सल आय एवं रखरखाव के लिए कटनी रेलवे स्टेशन को इस वर्ष पार्सल की मंडल दक्षता शील्ड् से सम्मानित किया गया। जबलपुर में आयोजित हुए 66वें रेल सप्ताह समारोह में मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास ने सीपीएस संजय कुमार को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

**सीपीएस को मंडल रेल प्रबंधक ने दिया सम्मान**

### इसलिए मिली वाहवाही

स्टेशन प्रबंधक संजय दुबे ने बताया कि खासतौर पर कोविड-19 के दौरान स्थानीय कारोबारियों से समन्वय स्थापित करते हुए व्यक्तिगत रूप से पार्सल के लिए प्रेरित किया। पार्सल बढ़ने से यातायात बढ़ा जिससे संकटकाल में भी रेलवे को बड़ा आर्थिक फायदा हुआ। पार्सल यातायात बढ़ने पर ही मंडल द्वारा इस सम्मान से सम्मानित किया गया है।

### पहले भी हो चुकी है प्रशंसा

गौरतलब है कि कटनी जंक्शन को स्वच्छता एवं रखरखाव में जोन में पहला स्थान प्राप्त किया जा चुका है। इन दोनों सम्मान कटनी को विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की कड़ी मेहनते का नतीजा है। स्टेशन प्रबंधक ने कहा कि अधिकारियों के समय-समय पर मिलने वाले मार्गदर्शन और निर्देश पर अमल करते हुए स्थानीय स्तर पर बेहतर करने का प्रयास किया जाता है, जिससे सार्थक परिणाम सामने आते हैं।

## सचिव बिना चल रही कई ग्राम पंचायतें

### कैलवाराखुर्द व जोबीकला में दो तीन माह से सचिव का पद रिक्त, विकास कार्य ठप

**कटनी।** जिले की कई ग्राम पंचायतें सचिव विहीन हैं। पंचायतों में सचिव की नियुक्ति न होने से विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। वहीं कई ग्राम पंचायतों में सचिव की नियुक्ति का प्रस्ताव जनपद पंचायत से बनकर जिला पंचायत तक पहुंच गया है लेकिन जिला पंचायत में फाइल अटकी पड़ी है। जिसके कारण जनपद पंचायत के द्वारा ग्राम पंचायतों में सचिव की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। जनपद पंचायत क्षेत्र कटनी की ग्राम पंचायत कैलवाराखुर्द व जोबीकला में पिछले दो-तीन माह से सचिव की पदस्थापना नहीं है। सचिव के न रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत कैलवाराखुर्द की सरपंच माधुरी भूषण पाठक ने बताया कि इस संबंध में अगस्त माह से ही जनपद सीइओ को पत्राचार किया जा रहा है लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं हो रही। सचिव के न रहने से पंचायत के कर्मचारियों के वेतन, विद्युत बिल, नलजल योजना सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उधर ग्राम पंचायत जोबीकला के सरपंच का भी कुछ ऐसा ही कहना है। पंचायतों में सचिव की नियुक्ति न होने से विकास कार्य भी ठप हैं। सरपंच व ग्रामीणों ने शीघ्र ही सचिव की पदस्थापना करने मांग की है।

## ब्रांडेड कंपनी का स्टीकर लगाकर नकली टीवी बेचते कारोबारी गिरफ्तार

### गांधीगंज में कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, 21 टीवी जप्त,नकली आयल के बाद टीवी का भंडाफोड़

**कटनी। शहर में मिलावट, अवैध कारोबार का गोरखधंधा चरम पर पहुंच गया है। खाद्य सामग्री से लेकर घरेलू उपयोग की नकली सामग्री बेची जा रही है। इतना ही नहीं माफिया व कारोबारी असली के नाम पर नकली सामग्री थमाकर न सिर्फ मोटी रकम वसूल रहे हैं बल्कि जनता के साथ बड़ी धोखाधड़ी कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामले का फिर कोतवाली पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। नकली ऑयल के बाद दूसरी बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बड़ी संख्या में नकली टीवी जप्त की हैं। एक कारोबारी असली कंपनी के स्टीकर चिपकाकर लोगों को लोकर टीवी थमाकर मोटी रकम वसूल रहा था।**

जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांधीगंज स्थित एक घर में दबिश दी। मनोज साहू के घर में पहुंचकर पूछताछ करते हुए तलाशी ली। टीवी के कारोबार के संबंध में जानकारी मांगी तो वह पसीना-पसीना हो गया। मौके पर पूछताछ करने पर पुलिस को गोलमोल जवाब देने लगा। इस दौरान जब कारोबारी टीवी से जुड़े कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाया तो पुलिस ने 21 नग नकली टीवी जप्त की। इस दौरान आरोपी के पास से नकली स्पीकर सेट भी मिले हैं।



### अलग-अलग पार्ट्स से तैयार करता था टीवी

पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से 4 लाख रुपये कीमती टीवी जप्त की गई हैं। इसमें सेमसंग, एलजी, एमआई के स्टीकर लगीं नकली टीवी जप्त की गई हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी मनोज साहू टीवी के पाट्र्स लाकर टीवी बनाता था और घर पर असली कंपनी के स्टीकर लगाकर ब्रांडेड कंपनी की टीवी तैयार कर लेता था। पुलिस की अभी तक की पूछताछ में सामने आया है कि यह कारोबारी देहात के लोगों को ज्यादा निशाना बनाता था। पुलिस अब डीलरों को बुलाकर टीवी के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटा रही है। कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक प्रीति पांडे, सहायक उपनिरीक्षक कप्तान सिंह, विजय शंकर गिरी, पलाश दुबे, अंकित, वीरेंद्र सिंह, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, वीरेन्द्र तिवारी आदि की भूमिका रही।

### पहले भी हो चुका है पर्दाफाश

कटनी में कुछ वर्ष पहले भी नकली टीवी बेचे जाने का भंडाफोड़ हो चुका है। कोतवाली स्टेशन रोड क्षेत्र में दो प्रतिष्ठानों में ब्रांडेड टीवी के नाम पर नकली टीवी बेचे जाने का धंधा चल रहा था, जिसमें पुलिस ने कार्रवाई की थी। अब एक बार फिर पुलिस मिलावट और नकली सामान पर कार्रवाई शुरू की है तो अवैध कारोबार का भंडाफोड़ हो रहा है।

### इनका कहना है

मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। 21 नग टीवी जप्त की गई हैं जो लोकल हैं और स्टीकर ब्रांडेड कंपनियों के लगे पाए गए हैं। अधिकृत डीलरों से आवश्यक जानकारी लेने के बाद आरोपी के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

- सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक



## धबैया में बरही पुलिस ने लगाया चलित थाना

**कटनी।** बरही पुलिस द्वारा ग्राम धबैया में चलित थाना का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी संदीप अयाची ने लोगों की समस्या सुनी। चलित थाना में जमीन विवाद संबंधित मामले भी आए। अतिक्रमण संबंधी शिकायत, घरेलू विवाद, जुआ, अवैध शराब विक्रय सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका निराकरण किया गया। अवैध कारोबार पर कार्रवाई का आश्वासन थाना प्रभारी ने दिए। ग्रामीणों से कहा कि कोई भी गलत काम होता है तो तत्काल सूचना दें। इस दौरान सरपंच लहरी कोल, सचिव सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# रीवा से रवाना होगी भारत दर्शन पर्यटक ट्रेन

### कटनी के यात्री भी करेंगे 9 ज्योतिर्लिंग के दर्शन

**कटनी।** इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड आईआरसीसीटीसी ने भारत दर्शन ट्रेनों का संचालन पूरे देश में शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए आई.आर.सी.टी.सी. 4 फरवरी को रीवा शहर से विशेष पर्यटन ट्रेन के लिए रवाना करेगा। यह ट्रेन रीवा, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, होशंगाबाद, हबीबगंज, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन, देवास, इन्दौर एवं रतलाम स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहां से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगें। 15 दिनों की इस यात्रा में के मंदिरों का दर्शन कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को का खर्च उठाना होगा। इसमें चाय, नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन सहित यात्रियों को लॉज, डोरमेट्री, धर्मशाला में रात्रि विश्राम, स्नान की सुविधा और घूमने के लिए बस खर्च भी समाहित रहेगा। टिकट शुल्क में ही यात्रियों के 4 लाख रूपये का दुर्घटना इंश्योरेंस भी शामिल रहेगा। इस यात्रा में श्रद्धालुओं की हर सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। कोविड नियमों का पालन होगा। कोच, शौचालय से लेकर यात्रियों के सामानों तक को सैनिटाइज किया जाएगा। सैनिटाइजर, मास्क और फेसशील्ड भी श्रद्धालुओं को मुफ्त दिए जाएंगे। इस ट्रेन की बुकिंग प्रारम्भ हो चुकी है, इच्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आई.आर.सी.टी.सी. की वेब साईट पर ऑनलाईन व अधिकृत ऐजेंट से भी करा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के इन्दौर, भोपाल एवं जबलपुर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## अवैध कब्जा व निर्माण हटाने 15 दिन की मियाद

### तहसील न्यायालय से जारी हुआ नोटिस

**कटनी।** जनपद क्षेत्र कटनी अंतर्गत ग्राम पंचायत हिरवारा में सरकारी जमीन पर कब्जा व अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। इस मामले में तहसील न्यायालय से 15 दिवस में कब्जा व अवैध निर्माण हटाने हटाने का नोटिस जारी हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्राम हिरवारा खसरा नंबर 1199 रकबा 0.22 हेक्टेयर के अंशभाग 10 बाइ 20 में गांव के ही शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त गुलशन चौधरी द्वारा कब्जा कर पक्का मकान बनाया गया है। बता दें कि राजेश दाहिया सहित एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने तहसीलदार को शिकायत कर मामले की जांच कराते हुए कार्रवाई करने की मांग की थी। इस पर जांच हुई। जांच में कब्जा व अवैध निर्माण पाया गया है। तहसीलदार ने नोटिस जारी करते हुए 15 दिवस में कब्जा व अवैध निर्माण हटाने कहा है अन्यथा की स्थिति में प्रशासन कब्जा हटाने व सिविल न्यायालय की कार्रवाई करेगा।

**सिटी मॉल बरही रोड में**

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 2 शो ता. 29 से दोपहर 12, एवं 1.30 बजे से

**VENOM (हिन्दी में)**

(LET THERE BE CARNAGE)

कलाकार- जेनी स्लेट, वुडी हैरेलसन, सोप अलुको, स्कॉट डेकर्ट, मार्सेला ब्रागियो आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

**सिटी मॉल बरही रोड में**

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, साइंस फिक्शन फिल्म




रोजाना 3 शो ता. 29 से दोपहर 3, 5.30 एवं रात्रि 8 बजे से

**DUNE (हिन्दी में)**

(PART ONE)

कलाकार- टिमोटी क्लेमेट, रेबेका फरगुसन, ऑस्कर ईसाक, जोश ब्रोलीन, स्टीफन मेकिन्ली आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

# दिसम्बंर में होगी राष्ट्रीय अंतर जिला प्रतियोगिता

### कटनी जिले की जूनियर एथेलेटिक्स टीम का चयन 7 नवंबर को

**कटनी।** 18वी राष्ट्रीय अंतर जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता दिसम्बर माह में आयोजित होना है, जिसके लिये जिले के 14 वर्ष, 16 वर्ष के 13 सर्वश्रेष्ठ बालक एवं बालिका का चयन जिला एथेलेटिक्स संघ द्वारा 7 नवंबर को कैल्ड्रिज इंडिया के मैदान एसीसी कटनी में किया जाना है। जिसमें चयनित धावक धाविका राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे आयु सीमा बालक बालिका 14 वर्ष और 16 वर्ष प्रत्येक इवेंट हेतु 100 रूपए एंट्री फीस भुगतान करनी होगी। खिलाड़ियों का चयन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफइंडिया के वर्ष 2021 योग्यता मानको के अनुसार किया जायेगा, जिले की चयन प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु संघ के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव वीरेंद्र सिंह, फारूक अंसारी, मृणाल बनर्जी एवं संघ के समस्त सदस्यों ने जिले के श्री से अधिक से अधिक संख्या में चयन प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह किया है। चयन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सभी अपनी एंट्री 2 नवम्बर से पूर्व करा लिया जाए। जिले के सभी क्लब, ट्रेनिंग सेंटर्स एवं खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 2 नवंबर शाम 5 बजे के पहले जिला एथलेटिक्स संघ से अपना पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्यथा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने नहीं दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जितेश विश्वकर्मा से संपर्क किया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपनी मूल अंक सूची एवं जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति अवश्य साथ लाये ये आवश्यक एवम अनिवार्य है। 14 वर्ष हेतु बालक बालिका का जन्म 30 दिसंबर 2007 से 29 दिसम्बर 2009 के अंदर एवं 16 वर्ष हेतु उनका जन्म 30 दिसम्बर 2005 से 27 दिसंबर 2007 के अंदर होना चाहिए। 12 वर्ष से कम आयु के बालक बालिका इसमे भाग नही ले सकेंगे। बालक बालिकाओं के लिए 14 वर्ष में 100 मीटर, 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक 4 किलो बालक, 3 किलो बालिका 16 वर्ष में 100, 200, 400 एवं 1000 मीटर दौड़ 100 मीटर बाधा दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक 5 किलो बालक, 3 किलो बालिका, तवा फेक एभाला फेक के इवेंट होंगे इनमें बालक बालिका भाग ले सकेंगे। एथलेटिक फेडरेशन के निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वालो का ही चयन किया जाएगा।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 30 अक्टूबर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# खबर के बाद शिक्षा विभाग में हड़कम्प

## अभी तक कागजो में ही हो रही शिक्षकों की व्यवस्था जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने लिया संज्ञान

## डीईओ, बीआरसी के आदेशों की निकली हवा अभी तक नही हो पाई शिक्षकों की व्यवस्था

### मामला माध्यमिक शाला स्कूल का

**बरही।** जनपद शिक्षा केन्द्र के शासकीय माध्यमिक शाला ग़ैरतलाई में एक शिक्षक के भोरोसे 212 विद्यार्थियों की खबर इन दिनों सुर्खिया बनी हुई है। स्कूल में शिक्षक की कमी का मामला सामने आते ही जिला पंचायत अध्यक्ष ममता रंगलाल पटेल व जिला शिक्षा समिति अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल शिक्षकों की व्यवस्था करने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया, जिसके बाद डीईओ ने ग़ैरतलाई हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य को व्यवस्था बनाने आदेशित किया, लेकिन अधिकारियों के आदेश-निर्देशों की हवा निकल रही है। वास्तविकता यह है कि अभी तक ग़ैरतलाई माध्यमिक शाला में अलग से एक भी शिक्षक नही पहुँचा है। सारी कार्यवाई व्हाट्सएप ग्रुपों और कागजों तक ही सीमित है। गौरतलब है कि माध्यमिक शाला ग़ैरतलाई का डाइस कोड अलग न होने से ऐसी स्थिति निर्मित है। हालांकि खबर है कि प्रकाशित खबरों के बाद डीईओ ने अपने स्तर से डाइस कोड अलग करने की प्रक्रिया को अंजाम दे दिया है, जिसका एप्रुवल प्रदेश से होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।


यश भारत
कटनी, रविवार, 24 अक्टूबर 2021
शिक्षा विभाग की लापरवाही, डेढ़ साल से अलग नहीं हुआ डाइस कोड
1 शिक्षक के भरोसे 212 विद्यार्थियों का भविष्य, शासकीय माध्यमिक शाला गैरतलाई का मामला
बरही। विजयराघवगढ़ जनपद शिक्षा केन्द्र अंतर्गत ग्राम गैरतलाई में संचालित शासकीय माध्यमिक शाला पदस्थ 1 शिक्षक के भरोसे 212 बच्चे अपना भविष्य सवारने के लिए पहुंच रहे है। ऐसे में ये बच्चे कैसे पढ़ेंगे। कक्षा 1 से 12 तक का डाइस कोड एक होने से पोर्टल में शिक्षकों के पद रिक्त नही दिख रहा है, जिससे इस स्कूल में नए शिक्षक की भर्ती नही हो पा रही है। डेढ़ साल से शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी स्कूल का डाइस कोड अलग नहीं करवा पाए है, जिससे अतिथि शिक्षक की भी भर्ती नही हो पा रही है। अधिकारियों की घोर लापरवाही से अध्यापन कार्य बेपटरी है।
बीआरसी ने दी सफाई

### अब डीईओ का निर्देश के 4 दिन बाद भी बेअसर

शिक्षा समिति अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष के निर्देशों के उपरांत जब तक डाइस कोड अलग नहीं होता तब तक शासकीय उमा विद्यालय ग़ैरतलाई के प्रभारी को शिक्षकों की व्यवस्था करने हेतु सुझाव दिया गया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रभारी प्राचार्य शाउमा ग़ैरतलाई को शिक्षकों की व्यवस्था के निर्देश दिए गए । जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राचार्य ग्रुप में दिए गए निर्देश-आदेश को 4 दिन बीत जाने के बाद भी प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार गुप्ता द्वारा आदेश को ठेंगा दिखाकर शिक्षकों की व्यवस्था नहीं कि गई, जबकि हायर सेकेंडरी में 3 नियमित और 8 अतिथि शिक्षक हैं । प्रभारी प्राचार्य का यह रवैया समझ से परे है, उनके द्वारा 212 बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जबकि डाइस कोड अलग न होने तक सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रभारी प्राचार्य की है, क्योंकि हायर सेकेंडरी के डाइस कोड के कारण ही माध्यमिक शाला में रिक्त पद दिखाई नहीं दे रहे हैं ।

### शिक्षा समिति अध्यक्ष ने दिए निर्देश

शिक्षा समिति ग्रुप के माध्यम से जिला पंचायत उपाध्यक्ष व जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल शिक्षकों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति ममता रंगलाल पटेल द्वारा भी प्रश्न चिन्ह उठाये शिक्षकों की पूर्ति हेतु। शिक्षा समिति ग्रुप में।

### बीआरसी का बयान भी झूठ का पुलिंदा

डाइस कोड मामले में विजयराघवगढ़ शिक्षा केन्द्र के बीआरसी ने सिंगौड़ी संकुल से एक शिक्षक की तत्काल व्यवस्था कराने का बयान 8 दिन पूर्व दिया गया था, वही 2 दिन के अंदर अन्य और भी शिक्षक की व्यवस्था तत्काल कराने कहा गया था, जो झूंठ का पुलिंदा साबित हुआ, एक सप्ताह बीतने के बाद भी अभी तक कोई शिक्षक माध्यमिक शाला गैरतलाई में नही पहुँचा है।




# बाइक व सायकल में सीधी भिड़ंत

### अलग-अलग सड़क हादसों में पांच घायल

**कटनी।** बरही व बाकल थाना अंतर्गत घटित दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को समीपस्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाकल थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुए एक सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर डायल-100 मौके पर पहुंची। घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है, जहां उपचार जारी है। इसी तरह बरही थाना अंतर्गत महानदी पुल के पास हुए सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में को प्राप्त हुई । उक्त सूचना प्राप्ति पर कटनी जिले के डायल-100 वाहन क्रमांक- 12 को तत्काल मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-100 में तैनात प्रधान आरक्षक सुधीर दुबे और पायलेट बृजभान सिह ने घटना स्थल पर पहुंच कर बताया कि मोड़ पर मोटर साईकिल एवं साईकिल की आमने-सामने की टक्कर हो गई है। जिसमें विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम हथौड़ा निवासी 46 वर्षीय जगदीश प्रसाद काछी पिता बुद्धा काछी, 30 वर्षीय श्रीराम कोल पिता बुद्धू कोल व ग्राम चपना निवासी 20 वर्षीय नरेश कोल घायल हो गए हैं। तीनों को डायल-100 वाहन से लाकर शासकीय अस्पताल बरही में भर्ती कराया गया।



# एसडीएम बलबीर रमन का तबादला

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा तबादला सूची जारी की गई है। कटनी में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर व कटनी एसडीएम बलवीर रमन का स्थानांतरण किया गया है। बलवीर रमन डिप्टी कलेक्टर कटनी से डिप्टी कलेक्टर डिंडोरी बनाए गए हैं। वहीं डिप्टी कलेक्टर डिंडोरी महेश मंडलोई को कटनी डिप्टी कलेक्टर के पद पर स्थानांतरण हुआ है।

# वृद्ध व युवक फांसी पर झूले

कटनी। माधवनगर व बरही थाना अंतर्गत एक 60 वर्षीय वृद्ध सहित दो लोगों के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत मानसरोवर कालोनी निवासी 60 वर्षीय ब्रम्हानंद पोपटानी पिता ब्रजलाल पोपटानी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसी तरह बरही थाना क्षेत्र के ग्राम कन्नौर में 26 वर्षीय रिंकू उर्फ जगत सिंह पिता रामकुमार सिंह रघुवंशी के द्वारा फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने शव परीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

# विषपान से युवक की मौत

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम सलैया सिहोरा में एक युवक की विषपान से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सलैया सिहोरा निवासी 37 वर्षीय रामप्रसाद गुप्ता पिता रामगोपाल गुप्ता ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था, जिसकी मौत हो गई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है।

# खेत की तकवारी करने निकले प्रौढ़ की रक्तरंजित लाश बरामद

### हत्या का संदेह, पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी



**कटनी/रीठी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम बसुधा में घर से खेत की तकवारी करने निकले एक 46 वर्षीय प्रौढ़ की रक्तरंजित लाश बरामद की गई है। परिजनों ने हत्या का संदेह व्यक्त किया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी के मुताबिक ग्राम बसुधा निवासी 46 वर्षीय तुलसी विश्वकर्मा 28 अक्टूबर की रात घर से खेत की तकवारी करने निकला था। इसके बाद वह 29 अक्टूबर की सुबह घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी खोजखबर लेने खेत पहुंचे लेकिन तुलसी खेत में नहीं मिला। जिसके बाद परिजन उसकी यहां-वहां खोजखबर लेते रहे लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। वहीं आज सुबह खेत के समीप ही चढ़ाई के पास ग्रामीणों ने तुलसी की रक्तरंजित लाश देखकर इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी। तुलसी के सिर सहित शरीर में चोट के निशान हैं। जिससे उसकी हत्या का संदेह परिजनों ने व्यक्त किया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस के शस्त्रों से अवगत हुए छात्र



कोतवाली पुलिस के द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों की याद में शस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई। इस दौरान स्कली छात्रों को पुलिस के शस्त्रों से अवगत कराया गया।



## चतुर्थ पुण्यतिथि

स्व. श्री विजय कछवाहा

29.10.2021

कभी भुला नहीं पाएंगे आपकी मीठी मधुर स्मृतियां, आपका व्यवहार, आपकी बातें, सदैव हमें याद आएंगी। आज चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

आपकी याद में - फर्म : विजय कुमार-अजय कुमार फूड कंपनी बिलैया तलैया, सब्जी मंडी, महलवार होटल के सामने, कटनी

# पुलिस स्मृति दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन




**कटनी/रीठी।** एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल में पुलिस विभाग रीठी द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में कबड्डी एवं व्हालीवाल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पुलिस दिवस एवं देश के शहीद जवानों पुलिस कर्मियों आदि की याद में श्रद्धाजंलि स्वरूप 3 दिवसीय व्हालीबाल, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो बीते 29 अक्टूबर शुक्रवार को विजेता, उपविजेता दलों के उत्साहवर्धन हेतु थाना प्रभारी सतीश तिवारी, एसआई नरेंद्र तोमर, पारिवारिक वानिकी के महाकौशल के प्रणेता अखिलेश उपाध्याय, एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकों, महराज सिंह ठाकुर, पीटीआई शिक्षक संतोष पटेल आदि की उपस्थिति में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

आधार लाओ, उधार ले जाओ
BAJAJ FINSERV बजाज फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
0% ब्याज पर आसान किश्तों में मोबाइल उपलब्ध
Special Offer
धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर महा धमाका लूट सको तो लूट लो... अब नगद की क्या जरुरत...
मात्र 3 दस्तावेज लायें * आधार कार्ड * पेन कार्ड * बैंक पासबुक
SAMSUNG realme mi vivo oppo NOKIA
बजाज कस्टमर को 1रु. में मोबाइल उपलब्ध
पलक मोबाइल शॉप
चांडक चौक ढलान, आदर्श कॉलोनी तिराहा, कटनी, मो. 9301051222

# छठ पूजा के लिए रेलवे ने शुरू की स्पेशल ट्रेनें

**कटनी।** त्योहारों के इस मौसम में अपने परिवारों के साथ त्योहार मनाने के लिए अपने पैतृक स्थान जाने वाले लोगों के लिए भारतीय रेलवे विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करके यात्रियों के साथ उत्सव की खुशी साझा कर रहा है। रेल यात्रियों की सुविधा के लिए और इस त्योहारी मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, भारतीय रेलवे इस साल दुर्गा पूजा से छठ पूजा तक 110 विशेष ट्रेनों की 668 फेरे चला रहा है। साथ ही इस त्योहारी भीड़ के दौरान बर्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित ट्रेनों में डिब्बों की संख्या में वृद्धि की जा रही है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल पर भी रेल यात्रियों की सुविधा के लिये और त्यौहार में यात्रियों की प्रतीक्षा सूची को कम करने के लिए इस वर्ष दुर्गा पूजा से छठ पूजा तक 12 स्पेशल ट्रेनों की 26 फेरे चला रहा है। जिसमें त्यौहार पर पमरे से प्रारंभ होने वाली मुख्य ट्रेनें रीवा-हबीबगंज-रीवा, हबीबगंज-दानापुर-हबीबगंज, हबीबगंज-रीवा-हबीबगंज, कोटा-दानापुर-कोटा के साथ स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। साथ ही सीट, बर्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित टेंनों में कोचों की संख्या में वृद्धि एवं अतिरिक्त कोच भी लगाये जा रहे है।अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों के शांतिपूर्वक प्रवेश के लिए आरपीएफ कर्मचारियों की देखरेख में टर्मिनस स्टेशनों पर यात्रियों की कतार बनाकर भीड़ नियंत्रण के उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया है। ट्रेनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों को आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात किया गया है। ट्रेन सेवा के किसी भी प्रकार के व्यवधान को दूर करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कर्मचारियों को विभिन्न वर्गों में तैनात किया गया है। प्लेटफार्म नंबर के साथ ट्रेनों के आगमन, प्रस्थान की लगातार और समय पर घोषणा के लिए उपाय किए गए हैं। महत्वपूर्ण स्टेशनों पर मे आई हेल्प यू बूथ चालू रखे गए हैं, जहां यात्रियों की उचित सहायता और उनके मार्गदर्शन के लिए आरपीएफके जवान और टीटीई को तैनात किया गया है। प्रमुख स्टेशनों पर चिकित्सा दल फोन कॉल पर उपलब्ध हैं। सुरक्षा और सतर्कता विभाग के कर्मचारियों द्वारा किसी भी तरह के कदाचार जैसे सीट कॉर्निंग, ओवर चार्जिंग और दलाली गतिविधि आदि पर नजर रखी जा रही है और इसकी कड़ी निगरानी की जाती है। प्रतीक्षालय, विश्राम कक्ष, विशेष रूप से यात्री सुविधा क्षेत्र और सामान्य रूप से पूरे स्टे शन पर साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### भूखण्ड/भवन नामांतरण हेतु सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तरूण तिवारी निवासी शांतिनगर कालोनी कटनी म.प्र. ने शांतिनगर कालोनी कटनी भवन क्रमांक जनता क्वार्टर 04 के लीज नामांतरण बावत आवेदन किया है। यह भवन श्री गुरूवचन सिंह के नाम से आवंटित है। यदि भूखण्ड/भवन का लीज नामांतरण/हस्तांतरण श्री तरूण तिवारी के पक्ष में किये जाने का किसी अवधि/पारिवारिक सदस्यों/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को कोई आपत्ति है तो वे ठोस प्रमाण के साथ, अपनी आपत्ति, इस सूचना के प्रकाशन के उपरांत 15 दिवस की अवधि के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न हो ने पर नामांतरण की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में कर दी जावेगी। इसके उपरांत कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र.गृ.नि. एवं अधो. वि. मंडल संभाग, कटनी**

### किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक

Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

mgm HOSPITAL We Cure with Care
एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890
कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
वेन्टीलेटर सुविधा ट्रामा एवं एक्सीडेंट यूनिट सर्पदंश डी-प्वाइजन यूनिट
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
आयुष्मान भारत निरामयम, ई.एस.आई, राज्य शासकीय कर्मचारी, एम.पी.पुलिस एवं अन्य निजी मेडीक्लेम कंपनी के लाभार्थियों को कैशलेस इलाज की सुविधा
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग
एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# कारीतलाई, बिलहरी में होता था कलाकृतियों का निर्माण

## प्राचीनकाल में भी शिल्प और मूर्तिकला का प्रमुख केंद्र रहा कटनी

कटनी। कटनी जिले का न केवल औद्योगिक और व्यापारिक महत्व शुरू से रहा है बल्कि शिल्प और मूर्तिकला में भी जिले के कई स्थान सिरमौर रहे हैं। कटनी को देश-विदेश में पहचान दिलाने वाला यहां का सेंडस्टोन शिल्पकारों की पहली पसंद रहा है। सदियों पहले गुप्तकाल और उसके बाद कल्चुरीकाल में भी विजयराघवगढ़ का कारीतलाई क्षेत्र और रीठी का बिलहरी क्षेत्र शिल्पकला का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां न केवल शिल्पकारी के लिए उम्दा किस्म का पत्थर प्रचुर मात्रा में उपलब्ध था, बल्कि बेहद कुशल कला शिल्पी भी बहुतायत में मौजूद थे। इस बात के सबूत आज भी जबलपुर, कटनी व उसके आसपास के जिलों के पुराने किले, मंदिरों, मठों में देखने को मिलते हैं।



कटनी में गुप्तकालीन कलाकृतियां इस बात को प्रदर्शित करती हैं कि उन दिनों कलाप्रेमी राजाओं के लिए कटनी का पत्थर ही किला, गढ़ी और मंदिरों के निर्माण में उपयुक्त होता था और उनमें उकेरी गई कलाकृतियां आज भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं। गुप्तकाल के बाद कल्चुरी काल के राजाओं ने तो कटनी के कारीतलाई और बिलहरी में अपने कला केन्द्र ही स्थापित किए थे। साहित्यकार राजेन्द्र सिंह ठाकुर बताते हैं कि कल्चुरी राजाओं की राजधानी जबलपुर के तेवर में स्थापित थी और उस समय कटनी उनके राज्य का हिस्सा था। जबलपुर में बड़ी मात्रा में पत्थर मिलता है कि लेकिन उसके बाद भी कल्चुरी राजाओं ने बिलहरी व कारीतलाई में अपने कला केन्द्र स्थापित किए। इसका कारण यह था कि कटनी में मिलने वाला पत्थर मुलायम होने के साथ ही उसपर कलाकृतियां उकेरना आसान होता है। उनका कहना है कि इतिहास में मिलने वाले प्रमाण के अनुसार कारीतलाई और बिलहरी में शिल्पकार कलाकृतियों का निर्माण करते थे और उसके बाद विभिन्न माध्यमों से उन शिल्प को अलग-अलग स्थानों पर भेजा जाता था। जहां पर मंदिर, किला, गढ़ी आदि में उनका उपयोग होता था। कटनी के मंदिरों, गढ़ी, मठ के अलावा जबलपुर के चौसठ योगिनी मंदिर, त्रिपुर सुंदरी मंदिर भी इसी कला के प्रमाण माने जाते हैं।



### घरों की चौखट, बारजा सजाने में भी उपयोग


कटनी के पत्थर से पुराने समय में लोगों के घरों को भी आकर्षक रूप देने का काम होता रहा है। आज भी जिले की पुरानी कोठियां, हवेलियों की चौखट तक पत्थरों पर आकर्षक कलाकृतियों से भरी पड़ी हैं तो छतों के बारजा में भी लगे पत्थरों पर भी शानदार नक्काशी देखने को मिलती है। इतना ही नहीं कटनी, जबलपुर के अलावा आसपास की उन दिनों रियासतों में कटनी के पत्थर पर की गई शानदार नक्काशी की कलाकृतियां भेजी जाती थीं और कई स्थानों पर आज भी वे सुरक्षित हैं।

### इसी कला को सामने लाने फिर एक प्रयास

कटनी के पत्थर पर होने वाली शिल्पकारी की कला को फिर एक नया आयाम मिले, इसको लेकर ही जिला प्रशासन की पहल पर 9 से 28 नवंबर तक जागृति पार्क में स्टोन आर्ट फेस्टीवल आधारशिला का आयोजन किया जा रहा है। एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत जिले के मार्बल व स्टोन को चुना गया है और फेस्टीवल के दौरान देशभर के शिल्पकार उसमें अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

# सायना में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने मनाई दिवाली

## प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा बने मुख्य यजमान







कटनी। सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में दीपों के उत्सव दीपावली का प्रतीकात्मक उत्सव मनाया गया, जिसमें सायना के कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों ने बुद्धि प्रदाता भगवान गणेश एवं धन प्रदात्री माता लक्ष्मी के विग्रह का पूजन मुख्य यजमान प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम की प्रभारी सुश्री मोनिका दीवानी एवं श्रीमती महिमा सेमंस ने सभी को आमंत्रित किया। बच्चों ने सुंदर रंगोली बनाई और स्वयं मिठाई तैयार कर भगवान को अर्पित की। लक्ष्मी पूजन में समन्वयक डॉ लोकेश दुबे एवं रीत मोंगा सहित बच्चे व शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने सभी को दीपोत्स व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह प्रकाश पर्व आपके जीवन में भी ज्ञान रूपी प्रकाश से अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर करे। साथ ही यह पर्व हमें स्वच्छता के लिए भी प्रेरित करता है क्योंकि पूरे भारत में इस पर्व के आगमन की तैयारी साफ-सफाई से ही प्रारंभ की जाती है। इसलिए अपने जीवन में स्वच्छता को अवश्य अपनाएं। प्रसाद वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कम्पाउंडिंग प्रकरणों में 28 फरवरी तक मिलेगी 20 प्रतिशत की छूट

कटनी।

राज्य शासन द्वारा नगरीय निकायों में 28 फरवरी, 2022 तक कम्पाउंडिंग (प्रशमन) प्रकरणों में शुल्क पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। राज्य शासन द्वारा भवन अनुज्ञा से अतिरिक्त निर्माण एवं भवन अनुज्ञा के बगैर निर्माण के कम्पाउंडिंग के लिये सीमा 10 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत की गई है। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि भवन अनुज्ञा के बिना निर्माण एवं भवन अनुज्ञा के विरुद्ध अधिक निर्माण के प्रशमन के लिये संचालनालय, नगरीय प्रशासन विकास एवं आवास के माध्यम से भवन अनुज्ञा के लिये संचालित ऑनलाइन सिस्टम एबीपीएएस (ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान एप्रूवल सिस्टम) में प्रकरणों के ऑनलाइन प्रशमन एवं ऑनलाइन शुल्क प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। समस्त निकायों को निर्देशित भी किया जा चुका है कि प्रशमन के प्रकरणों का निराकरण ऑनलाइन एबीपीएएस के माध्यम से ही किया जाना अनिवार्य है। श्री श्रीवास्तव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया है कि अपने जिले के सभी नगरीय निकायों में अभियान चलाकर अधिक से अधिक प्रकरणों का प्रशमन कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि जिले में इसका सघन प्रचार-प्रसार भी करायें। साथ ही नगरीय निकायों में कैम्प लगाकर भी प्रशमन के प्रकरणों का निराकरण करवायें। इससे राज्य सरकार द्वारा दी जा रही छूट से अधिक से अधिक नागरिक लाभान्वित हो सकेंगे। साथ ही नागरिक अपने भवन के अवैध निर्माण को वैध कराने की कार्यवाही भी करा सकेंगे।



# सेवा संस्कार सप्ताह के तहत छात्रों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

कटनी। विश्व हिन्दू परिसद बजरंग दल के तत्वाधान में सेवा संस्कार सप्ताह कार्यक्रम किया जा रहा है। बिलहरी प्रखंड में आज पांचवें दिन निटर्रा हाईस्कूल में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कटनी जिला के जिला गौ रक्षा प्रमुख एवं प्रखंड के पालक प्रभारी सौरभ चौरसिया उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में निटर्रा सरपंच सुनील रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष पीयूष त्रिपाठी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रखंड सह मंत्री सुनील पांडेय, प्रखंड संयोजक लकी, सुरक्षा प्रमुख गोल्डन, अक्षय बर्मन, शिवम चक्रवर्ती, नीरज सोनी, सौरभ चौरसिया ने अपने व्याख्यान में समस्त छात्रों को नशा से दूर रहने को कहा एवं उससे होने वाले हानि से अवगत कराया। इसके साथ ही छात्रों को नशा नहीं करने का संकल्प भी दिलाया गया।

# भारत की पहचान है देश की अखंडता और एकता

## गर्ल्स कॉलेज में मणिपुर की संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन







कटनी। शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के तत्वाधान में 25 अक्टूबर को डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन एवं पोस्टर, स्लोगन कॉलोज स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आर. के. गुप्ता के मार्गदर्शन में भारत की एकता एवं अखंडता पर कार्यक्रम आधारित रहा। ईबीएसबी क्लब प्रभारी डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल द्वारा छात्राओं को मणिपुर की संस्कृति पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करने प्रेरित किया गया।

महाविद्यालय की छात्राओं को मणिपुर की संस्कृति पर आधारित डॉक्यूमेन्ट्री भी दिखायी गयी। 26 अक्टूबर दिन मंगलवार को कार्यक्रम की अगली कड़ी में पोस्टर, स्लोगन एवं कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. बिमला मिंज एवं प्रेमलाल कॉवरे के द्वारा निर्णायक की भूमिका निभाई गई। कोलाज प्रतियोगिता- मणिपुर की संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम में छात्रा अनुष्का गौतम बी.एस.सी. कम्प्यूटर साईस प्रथम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर प्रिया सिंह बीएससी प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान हिमांशी बीएससी प्रथम को प्राप्त हुआ।

स्लोगन प्रतियोगिता मणिपुर की संस्कृति पर आधारित थी इसमें प्रथम स्थान सीमा जैन बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान अकांक्षा गुप्ता बीएससी प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान आस्था जैन बीएससी प्रथम वर्ष रही।

पोस्टर प्रतियोगिता-यह प्रतियोगिता मणिपुर की मणिपुर की वेशभूषा एवं नृत्य पर आधारित थी। इसमें प्रथम स्थान ईशा सोनी बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान हितेश सिंह एमएससी तृतीय सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पूजा दुबे एमएससी तृतीय सेमेस्टर रही। इस अवसर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के डॉ. अशोक शर्मा, भीम बर्मन, श्रीमती नम्रता निगम, सुश्री आरती वर्मा एवं डॉ. अंकुर श्रीवास्तव उपस्थित रहे।


# बैंक ने लौटाई पेंशन और मजदूरी की राशि

## मजदूर महिला ने जनसुनवाई में की थी शिकायत




यश भारत फॉलोअप

कटनी। ग्राम अर्न्तवेद निवासी आवेदिका छुटकी बाई की शिकायत पर संबंधित बैंक द्वारा कार्रवाई कर उनके खाते से काटी गई राशि वापस खाते में जमा करा दी गई है। इस संबंध में सेन्ट्रल बैंक ऑफइंडिया की मुरवारी शाखा के प्रबंधन में सीईओ जिला पंचायत को जानकारी देते हुये बताया कि क्लेरिकल एरर के कारण छुटकी बाई के बैंक खाते से 2300 रुपये की राशि 10 अगस्त 2021 को काट ली गई थी। जिसे सीईओ जिला श्री गोमे के निर्देश पर 27 अक्टूबर 2021 को पुनः आवेदिका के खाते में बैक द्वारा जमा कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे थे। जहां पर ढीमरखेड़ा के ग्राम अर्न्तवेद निवासी छुटकी बाई ने इस संबंध में अपना आवेदन सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे को दिया था। जिस पर श्री गोमे द्वारा संबंधित प्रकरण पर कार्रवाई के निर्देश बैंक के अधिकारियों को दिये थे। जिसके बाद बैंक शाखा द्वारा कार्रवाई करते हुये इस संबंध में अवगत कराया गया है।




# अब कोविड का सेकेण्ड डोज मुकम्मल कराने पर जोर

## निजी प्रतिष्ठानों को रजिस्टर में संधारित करनी होगी आने वाले व्यक्तियों के टीकाकरण की जानकारी

कटनी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने सम्पूर्ण कटनी जिले के बैंक, वित्त्ीय संस्थानों, निजी अस्पतालों, क्लीनिक, रेस्टॉरेन्ट तथा होटल एवं ऐसे प्रतिष्ठान जहां व्यक्तियों के आने जाने की संख्या ज्यादा हो, उनके लिये आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत संबंधित प्रतिष्ठानों व कार्यालयों में आने-जाने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके प्रथम डोज एवं द्वितीय डोज की जानकारी लेकर उसकी जानकारी को रजिस्टर में संधारित करने के लिये निर्देश जारी किये गये हैं। वहीं टीकाकरण नहीं कराने वाले व्यक्तियों को निकटतम शासकीय अथवा निर्धारित टीकाकरण केन्द्र पर टीकाकरण कराने के लिये प्रेरित करने के लिये भी आदेश में कहा गया है। इन गतिविधियों की प्रतिदिन की जानकारी को आवश्यक रुप से प्रेषित करने के निर्देश भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने आदेश के तहत जारी किये हैं। इस कार्रवाई का पालन सुनिश्चित करने के लिये आयुक्त नगर पालिक निगम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नगर परिषद् को निर्देशित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 के अंतर्गत कार्रवाई की जायेगी।

# होंडा शोरूम ने की दीपावली में की सोने की बरसात

**दीपावली के पावन अवसर पर होंडा ग्राहकों को दिल खोल कर दे रहा उपहारए सोना पाने वालों के चेहरे खिले**

जबलपुर। दीपावली के पावन अवसर पर आनंद व्हील्स होंडा दमोहनाका एवं अधारताल शोरूम रोज सोने की बरसात कर रहा है। होंडा शोरूम द्वारा रोज जीत ग्राहकों को स्क्रेच कार्ड के माध्यम से सोने एवं चांदी के सिक्के प्रदान किये जा रहे हैंए जिससे ग्राहकों में खुशी और उत्साह का माहौल है। वहीं होंडा की योजना के अनुसारए प्रत्येक वाहन की खरीदी पर मिक्सर ग्राइंडर दिया जा रहा हैए जिससे ग्राहकों को अपूर्व प्रसन्नता मिल रही है। आनंद होंडा के संचालक हितिश आनंदए अमित आनंद एवं शोहित आनंद ने उत्साहित होकर बताया कि हमें ग्राहकों को रोजाना उपहार प्रदान करते हुये हर्ष हो रहा है और हम चाहते हैं कि इन उपहारों का ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ ले सकें।



**कमल सिंह ने जीता गोल्ड** शोरूम के सेल्स मैनेजर राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि धनतेरस व दीपावली के पूर्व एक ग्राम का सोने का सिक्का अवधपुरी ग्वारीघाट निवासी कमल सिंह ग?वाल द्वारा जीता गया;मोबाइल नंबर9179919891 द्ध। बताया गया है कि सोने का सिक्का जीतने के बाद श्री कमलसिंह और उनकी बेटी श्रष्टि गढवाल दोनों खुशी से झूम उठे और उन्होंने कंपनी प्रबंधन और शोरूम संचालकों का आभार प्रदर्शन किया।

**14 नवम्बर तक जारी रहेगी यह योजना**

होंडा शो रूम के जनरल मैनेजर श्री राजेश चौधरी ने बताया कि ग्राहकों को सोने.चांदी के सिक्के और प्रत्यके खरीदी पर उपहार स्वरूम मिक्सर ग्राइंडर प्रदान करने का सिलसिला 14 नवम्बर 2021 तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस भव्य योजना का लाभ उठायें और वाहन के साथ सोने एवं चांदी के सिक्के भी अपने साथ ले जायें। बताया गया है कि योजना को नवरात्र से ही अच्छा प्रतिसाद मिल रहा हैएजो प्रतिदिन ब?ता ही जा रहा है जो 14 नवम्बर तक जारी रहेगा।

# पिंक डे का अनूठा आयोजन




एजेंसी। पति की दीर्घायु की कामना के साथए महिलाओं ने स्वयं के उत्तम भी स्वास्थ्य की कामना भी कि !!! छायांके चेरिटबलट्रस्ट का विश्व स्तन कैंसर जागरण माह अक्टूबर मे ऑनलाइन और ऑफलाइन जागरूकता गोष्ठियों का आयोजन! छायांके द्वारा विश्व स्तन कैंसर अक्टूबर माह गोष्ठियों का आयोजनछायांके चेरिटेबल ट्रस्ट महिलयों और बच्चो केए स्वास्थ्यए शिक्षा और सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है! इसके तहत अगस्त मे माताओं को स्तनपानए सितंबर मे बॅलेन्स डाइयेट और ऑनलाइन क्लास मे बच्चो की साइबर सुरक्षा हेतु जागरूक करने आयोजन किए गये! छायांके द्वारा अक्टूबर माह मेंए स्तन कैंसर से संबंधित समस्त जानकारी महिलाओं तक पहुंचाने हेतु अनेक आयोजन किए गए। जिसमें भंवरताल गार्डन मेंए महिलाओं के कार्यक्रम आयोजित करए महिलाओं को स्तन कैंसर से संबंधित जानकारी दी गई। अक्टूबर माह ऑनलाइन गोष्ठियों का आयोजन किया गयाए जिसमें हैदराबाद से डॉ राधिका बदनाहट्टी गायनेकोलॉजिस्ट एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन तथा दुबई से डॉक्टर सेजल शाह अल्टरनेटिव थेरेपिस्टए एन एल पी वेलनेस कोचए होम्योपैथ के साथए चैरिटेबल ट्रस्ट की संचालिका तथा संस्थापिका एडवोकेट निधि त्रिवेदी मिश्रा ने ट्रस्ट की अध्यक्षा श्रीमती छाया त्रिवेदी रिटायर्ड प्रिंसिपल के साथ आयोजित की।

# पर्व के दौरान सड़कों से बेजा कब्जा हटाने जुटा अतिक्रमण दस्ता

## स्टेट बैंक से लेकर लक्ष्मी बाई चौक तक हटाए कब्जे

कटनी। आगामी पर्वो पर नगर की सुगम यातायात व्यवस्था एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा मुख्य मार्गो के किनारे के अस्थाई अतिक्रमण को हटानें की दो शिफ्ट में कार्यवाही की जाकर सुगम यातायात मुहैया करानें के प्रयास किये जा रहे है। अतिक्रमण प्रभारी एस.के. गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर की सुगम यातायात व्यवस्था हेतु निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा प्रथम शिफ्ट में गांधी द्वार से स्टेट बेंक तिराहा होते हुए लक्ष्मी बाई तिराहा तक, गजानन टॉकीज मार्ग होते हुए सुभाष चौक, सुभाष चौक से मिशन चौक तक मार्ग के किनारे के समस्त सब्जी ठेले, फल ठेले, चूना दुकान सहित अन्य फुटकर व्यवसाय करने वालों को मार्ग के किनारे निर्धारित सीमा के अंदर से ही व्यवस्थित कराया जाकर सार्वजनिक मार्ग में अतिक्रमण कर व्यवसाय न करनें की हिदायत दी गई। अभियान के दौरान कपडा बाजार में कपडा एवं बर्तन व्यवसायी द्वारा दुकानों के बाहर सार्वजनिक मार्ग में सामग्री रखकर विक्रय करनें पर दुकानों की सामग्री, बोर्ड आदि को हटानें की कार्यवाही की जाकर दुकानों के अंदर से ही समग्री का विक्रय करनें की हिदायत दी गई। कार्यवाही के दौरान दुकानदारों से ग्राहकों के स्वयं के वाहनों को नियमानुसार खडा कर यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करनें की अपील मुनादी के माध्यम से की गई।



# पटाखों पर महंगाई की मार, 15 फीसद बढ़े दाम





## माधवनगर में सज गया पटाखा बाजार लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं, फायर ब्रिगेड नदारद

***कटनी। दीपावली पर्व के लिए अब केवल चार दिनों का समय बाकी रह गया है। पर्व के चलते हर वर्ग इस समय तैयारियों में जुटा हुआ है। रोशनी के इस महापर्व का स्वागत करने के लिए पुरजोर तैयारियां की जा रही है। उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में पटाखा बाजार भी सजकर तैयार हो गया है, लेकिन इस बार पटाखों की कीमतों में बढ़ोत्तरी के चलते अभी तक यहां ग्राहकी शुरू नहीं हो पाई है। जिसके चलते पर्व पर महंगाई का असर साफ तौर पर देखा जा रहा है।***

कोरोना संक्रमण, पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि और आर्थिक मंदी के चलते पटाखों की कीमतों में इस बार करीब 10 से 15 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी की गई है, जिससे इसकी बिक्री पर भी असर पड़ने की संभावना है। उधर दूसरी तरफ माधवनगर में इमलि रोड पर जिस स्थान पर पटाखा बाजार लगा हुआ है, उसके ठीक सामने पेट्रोल पंप खुलने के बाद भी सुरक्षा के मद्देनजर यहां कोई इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं। यहां पर न तो फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की गई है और न ही आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कोई व्यवस्था की गई है। शहर के घनी बसाहट वाले क्षेत्र आजाद चौक स्थित गांधी स्कूल के पीछे सालों से सुरक्षा की अनदेखी करते हुए पटाखों का खुलेआम विक्रय किया जा रहा है। आश्चर्य की बात है कि रहवासी इलाके में प्रशासन द्वारा हर साल कैसे लाइसेंस का रिन्यूवल किया जा रहा है। लाइसेंस देते समय इस बात का भी ध्यान नहीं रखा जाता है कि यह घनी बसाहट वाला क्षेत्र है और सड़क इतनी भी सकरी है कि आपात स्थिति में फायर ब्रिगेड भी नहीं जा सकती।

### चार दिन बाकी, अब तक नहीं मिले लाइसेंस

शहर में पटाखा बाजार अब तक नहीं लग सका है। प्रशासन की हीलाहवाली के चलते दुकानदारों को अब तक लाइसेंस नहीं मिल सका है। पटाखा विक्रेता पवन यादव के मुताबिक जिला प्रशासन के पास लाइसेंस के लिए आवेदन दिया गया है, लेकिन अब तक लाइसेंस नहीं मिला है। इस बार भी द्वारका सिटी के पास मैदान पर पटाखा बाजार लगाने की अनुमति मांगी गई है। पर्व के लिए अब केवल चार दिन बाकी है। जल्द लाइसेंस नहीं मिले तो कई तरह की परेशानी होगी।

### इसलिए बढ़े पटाखों के दाम

गौरतलब है कि तमिलनाडु स्थित शिवकाशी में पटाखा उत्पादन का हब है। यहां पटाखा की दर्जनों तादाद में फैक्ट्रियां हैं। यहां से देश के कोने-कोने में पटाखों की आपूर्ति करते हैं। पटाखा डीलर बताते हैं कि कोविड-19 प्रोटोकॉल की वजह से यहां की फैक्ट्रियों का कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। फैक्ट्री में प्रोटोकॉल के सख्त मानकों के अनुसार ही मजदूरों को आने की अनुमति दी जाती है, इसका सीधा असर पटाखों के उत्पादन पर पड़ा है, साथ ही सुरक्षा के अन्य मानकों को लागू करने का खर्च जुड़ने से लागत भी बढ़ गई है, लिहाजा इस बार पटाखे की कीमतों में वृद्धि देखी जा रही है।

### पटाखे खरीदने में ढीली होगी जेब

रोशनी के त्योहार दीपावली में अब कुछ ही दिन शेष हैं। ऐसे में लोग पटाखों की खरीदारी करने में जुटे हैं, लेकिन इस बार दीवाली पर आतिशबाजी करना काफी महंगा पड़ सकता है। पटाखे खरीदने के लिए पिछले साल के मुकाबले इस बार ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ेगी, इससे न केवल खरीदार, बल्कि थोक से लेकर खुदरा विक्रेता तक परेशानी में हैं। कीमत बढ़ने से पटाखों की खरीदारी में कमी आ सकती है। लोग अपनी जेब के हिसाब से ही पटाखे खरीदेंगे, लिहाजा पटाखा बाजार मंदा रह सकता है। विदित हो कि दीपावली के मौके पर पूरे कटनी जिले में जमकर आतिशबाजी की जाती है।

## माधवनगर में पेट्रोल पंप के पास लगी दुकानें




उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में इमलिया रोड पर मुक्तिधाम के पास तालाब के किनारे पटाखा बाजार सज गया है। यहां पेट्रोल पंप खुलने के बाद से सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। जो कभी भी भारी पड़ सकती है। अब तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने यहां का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा नहीं लिया है। फायर ब्रिगेड भी नदारद है और सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए है। जानकारी के मुताबिक यहां करीब दो दर्जन के आसपास दुकानें लगी हुई हैं। हालांकि अभी यहां ग्राहकी शुरू नहीं हो पाई है। दुकानदारों ने बताया कि पटाखा बाजार में दीपावली पर्व के दो दिन पहले ही सबसे ज्यादा बिक्री होती है। पटाखा विक्रेता देवीदास तुलस्यानी ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार पटाखों के दामों में करीब 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, जिससे ग्राहकी पर असर पड़ सकता है। शिवा रंगलानी ने कहा कि आगामी दिनों में पटाखा बाजार में भीड़ बढ़ेगी।

### फैंसी पटाखे रहेंगे खास

इस बार भी फैंसी पटाखे की खास पूछपरख रहेगी। इसको देखते हुए फैंसी पटाखे की विशाल रेंज रखी गई है। वहीं फैंसी अनार, एटम बम, राकेट के साथ छोटे फैंसी पटाखे भी खास रहेंगे, इसके अलावा बच्चों को ध्यान में रखते हुए चकरी, फूलझड़ी आदि की भी बिक्री की जाएगी, इसमें रंगबिरंगी कलर वाली, लड़ियों वाली आतिशबाजी देखने को मिलेगी। बड़ों के लिए बड़े पटाखों की आपूर्ति की जाएगी। खास बात यह है कि चाइनीज पटाखों को फिर से भाव नहीं मिलने वाला और देशी पटाखों से ही इस बार की भी दीपावली मनाई जाएगी।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार दौरान मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला पन्ना के शाहनगर क्षेत्र निवासी 46 वर्षीय विजय सिंह ठाकुर पिता चरण सिंह ठाकुर सड़क हादसे में घायल हो गया था। उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## सर्पदंश से किशोरी ने तोड़ा दम

**कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम रूपौंद में एक 17 वर्षीय किशोरी की सर्पदंश से मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम रूपौंद निवासी 17 वर्षीय रंजना कोल पिता राजकुमार कोल को सर्प ने काट लिया था। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था, जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई है।

दुनिया का नं.1 ब्रांड
SAMSUNG
UPSIZE NOW
UP To 22.5% Additinal Cash Back
0% Finance Scheme
Exchange Offer
Upsize your lifestyle with amazing offers.
Free Sound Bar 9990/- For Selected TVs
आयुष प्लाजा, सेमसंग एक्सक्ल्यूसिव शोरूम
विशाल मेगा मार्ट के पास बरगवां कटनी, मो. 9893366435, 8319908847

OSAM Beauty Parlour
दीपोत्सव पर आप भी निखारिए अपना रूप
स्पेशल ऑफर
28 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक
299 रू. क्लीनप, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, अन्डर आर्म्स, आइब्रो, फोरहैड, सिम्पल हेयर कट फ्री
499 रू. फ्रूट फेशियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, अन्डर आर्म्स, आइब्रो, फोरहैड (मेनीक्योर फ्री)
599 रू. लोटस फेसियल, ब्लीच, हैनड वैक्स, हाफ लैग वैक्स, अडर आर्म्स, आइब्रो फोरहैड, हेयर कट (पेडीक्योर फ्री)
899 रू. गोल्ड, डायमंड फेसियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, लैग वैक्स फुल, अन्डर आर्म्स, मेनीक्योर, पेडीक्योर, हेयर आयल मसाज आइब्रो फोरहैड (1 क्लीनअप फ्री)
दुल्हन मेकप 1 माह पहले से बुकिंग करने पर 1000 रू. की छूट
Beauty Expert- K.M., Mob-8305072898
पता- पोस्ट ऑफिस गली, रघुनाथगंज कटनी

सिर्फ नाम ही काफी है.....
कजारिया
भारत की नंबर 1 टाइल्स कंपनी
पता- कजारिया टाइल्स शोरूम एल.आई.सी. के सामने सेल्फी पॉइंट के पास बरगवां, कटनी मो. 9755044511
Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
सिटी आफिस- जनता ट्रेडर्स सुभाष चौक जयदयाल रोड कटनी
मो. 9893562711 फोन नं. 07622- 356475

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

SAMARTH MARBLE AND GRANITE
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी
मो. 9425153498, 7067666668

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

किराये पर उपलब्ध है
चाका तिराहा, विजयराघवगढ़ रोड, कटनी में स्थित
होटल स्वास्तिक
में सर्वसुविधायुक्त कमरे मासिक किराये पर उपलब्ध हैं।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
मो. 7415349183

यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

SUZUKI Way of Life!
ALL NEW SUZUKI ACCESS 125
Kam peeta hai
NOW WITH BS6
कम... पीता है
अधिकृत विक्रेता- ओम ऑटोमोबाइल्स
जबलपुर रोड, बरगवां कटनी, फोन-07622-220527
त्यौहारों के इस मौसम में अनेक आकर्षक रंगों में उपलब्ध

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Making India Beautiful
Reliance digital
TRENDS GET THEM TALKING
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
GALAXY GAME ZONE
City PRIDE Cinema
Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant
GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)